कार्यालय- प्राचार्य, शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय, बिल्हा
जिला–बिलासपुर (छ.ग.)
website – www.gacbilha.in
Email – govtagrasencollegebilha@yahoo.com
Ph. – 07752 – 259175
fax – 07752 – 259175

# वार्षिक प्रतिवेदन
## सत्र 2017–18

सत्र 1984–85 से यह ग्रामीण क्षेत्र का महाविद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हैं वर्तमान सत्र 2017–18 में इस महाविद्यालय में कुल 1280 छात्र/छात्राये अध्ययनरत हैं ।

इस वर्ष शासन के निर्देशानुसार छात्रसंघ का गठन मनोनयन छात्र संघ प्रभारी डॉ. एम. आर. आगर के द्वारा दिनांक 25/08/2017 को संपन्न कराया गया जिसमें अध्यक्ष– कु. अल्का पात्रे, उपाध्यक्ष – कु. शालू बंसल , सचिव – कु. सीबी अग्रवाल एवं सह सचिव– राशिका अग्रवाल का मनोनयन किया गया छात्रसंघ के पदाधिकारी एवं कक्षा प्रतिनिधियो को दिनांक 07/09/2017 को प्राचार्य द्वारा शपत दिलाया गया ।

क्रीडा गतिविधियों के अंतर्गत इस सत्र में महाविद्यालय के छात्रो ने अंतर महाविद्यालयीन क्रिकेट शतरंज, व्हालीबॉल, कबड्डी, कासकंट्री एवं बेडमिन्टन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया । कबड्डी में महाविद्यालय की टीम तीसरे स्थान पर रही महाविद्यालय के बी. कॉम. प्रथम वर्ष के छात्र शंकर का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु हुआ । इस वर्ष महाविद्यालय में अंतर महाविद्यालयीन कासकंट्री दौड़ का सफल आयोजन किया गया । विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी वार्षिक खेल कूद का आयोजन महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी श्री अजय कुमार मिश्रा एवं क्रीड़ा समिति द्वारा हर्षोउल्लास के साथ संपन्न कराया गया ।

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रो. सी. एल. पाटले के सफल निर्देशन में निरंतर प्रगति पर हैं राष्ट्रीय सेवा योजना सामाजिक जागरूकता के साथ ही छात्र/छात्राओं में व्यक्तित्व विकास के दायित्वो का निर्वाहन कर रही हैं । एन. एस. एस. ईकाई छात्र/छात्राओं को योगा वनमहोत्सव पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता जनजागरण के साथ–साथ छात्र/छात्राओं में राष्ट्र भक्ति एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं हेतु उन्हे जागरूक कर रही हैं । इस वर्ष 1 जनवरी से 7 जनवरी तक ग्राम नवागॉव में विशेष शिविर का आयोजन कर ग्राम में छात्रों ,ार विभिन्न कार्य किये गये इस महाविद्यालय के लिए गरिमा की बात हैं कि इस महाविद्यालय के छात्र **श्री मदन लाल एवं श्री मनीष कुमार क्लास वन अधिकारी** के पद पर चयनित होकर महाविद्यालय की गरिमा को शुशोभित किये इस महाविद्यालय के पांच छात्र **बी. एस. एफ. , सी. आई. एस. एफ. एवं सी. आर. पी. एफ.** जैसे शांति दूत के कर्तव्य का निर्वाह कर रहे हैं ।

महाविद्यालय के यूथरेड कास सोसायटी के प्रभारी प्रो. ण्स. के. अग्रवाल के निर्देशन में महाविद्यालय में एकता ब्लड बैंक के चिकित्सक डॉ. एस. के. गिडवानी एवं उनके स्टाफ के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. एम. आर. आगर , प्रो. एस. के.

प्राचार्य
शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय
बिल्हा जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

अग्रवाल , प्रो. नकुल प्रसाद टैंगवर , प्रो. कु. आरती शर्मा, प्रो. अमरप्रीत कौर बग्गा एवं छात्र/छात्राओं द्वारा कुल 45 यूनिट रक्तदान किया गया महाविद्यालय की छात्रा कु. सुरेखा ध्रुव ने सातवीं बार रक्तदान किया डॉ. के द्वारा शिकलिन, एनिमिया, एवं रक्तदान पर सारगर्भिक व्याख्यान देकर छात्र/छात्राओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया ।

छत्तीसगढ़ शासन की योजना युवा सूचना क्रांति योजना के अंतर्गत प्रो. श्रीमती शुभा वर्मा के निर्देशन में दिनांक 04 जुलाई 2017 को महाविद्यालय के अंतिम वर्ष के छात्र/छात्राओं को माननीय अतिथि धरमलाल कौशिक जी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, माननीय भूपेन्द्र सवन्नी जी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल एवं अन्य सम्मननीय अतिथियों द्वार छात्र/छात्राओं को टेबलेट प्रदान किया गया ।

स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. आर. सी. अग्रवाल के निर्देशन में दिनांक 22/07/2017 को मतदाता जागरूकता रैली एवं नये मतदाओं के नाम जुड़वाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया । दिनांक 25/01/2018 को महाविद्यालय में एस.डी. एम. श्री विरेन्द्र लकड़ा, तहसीलदार गुप्ता जी एवं अन्य के सहयोग से मतदाता दिवस मनाया गया । इस वर्ष महाविद्यालय में 25/10/2017 को जी. एस. टी. पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत सेल टेक्स अधिकारी श्री टी. एल. ध्रुव व उनके सहयोगियों के द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई । दिनांक 09/11/2017 को महाविद्यालय में विधिक साक्षरता दिवस मनाया गया जिसके अंतर्गत माननीय श्री दुबे जी न्यायाधीश के द्वारा छात्रों को विधिक संबंधित जानकारी प्रदान की गयी । दिनांक 11/11/2017 को डिजीटल इंडिया के अंतर्गत पे.टी.एम. एप. एवं उसका उपयोग की जानकारी श्री इरफान के द्वारा छात्र/छात्राओं को प्रदान की गई ।

महाविद्यालय एकाग्रता एवं चिन्तन विषय पर श्री व्ही. के. गिरिश (ब्रम्ह कुमारी ) द्वारा व्याख्यान दिया गया महाविद्यालय में स्वच्छता ऐप पर गोवटी का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत सी. एम. ओ. पाण्डेय जी ,द्वारा जानकारी दी गई ।

विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालय में उत्साह के साथ महाराज अग्रसेन जयंती गुरूघासीदास जयंती, स्वामी विवेकानंद जयंती , शिक्षक दिवस, एन. एस. एस. दिवस , संविधान दिवस, योगा दिवस, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी मनाया गया ।

इस महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है कि इस वर्ष नेक द्वारा महाविद्यालय का मूल्यांकन किया गया जिसमें महाविद्यालय के समस्त स्टाफ जनभागीदारी के सदस्य एलुमनी कमिटी एवं गणमान्य नागरिको के सहयोग से इस महाविद्यालय को **बी. ग्रेड** प्राप्त हुआ।

इस महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. एम. आर. आगर. द्वारा 2 स्कालर को पी. एच. डी. अवार्ड कराया गया उनके द्वारा 2 पुस्तको का संपादन पं. सुन्दरलाल शर्मा विश्वविद्यालय मे कराया गया । डॉ. एम. आर. आगर द्वारा सिविल सर्विसेस शतरंज प्रतियोगिता मे छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कराया । पिछले सत्र में महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम 80 प्रतिशत रहा यह ग्रामीण क्षेत्र का महाविद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हैं । इस वर्ष जनभागीदारी समिति के सहयोग से महाविद्यालय में सायकल स्टैण्ड स्टूडेन्ट कॉउन्टर गार्डन में बैठने क लिए बैंच , सी. सी.टी. वी. कैमरा, एवं वनस्पति उद्यान का विकास किया गया इसके लिए महाविद्यालय परिवार समिति का आभारी हैं ।

प्राचार्य
शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय
बिल्हा जिला- बिलासपुर (छ.ग.)